इस प्रकार देखा जा सकता है कि हिन्दी सहायकों के पदों के लिये एतदर्थ नियुक्तियां केवल उसी अवस्था में की जा सकती हैं जबकि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार उपलब्ध न हों। इस प्रकार नियुक्त किये जाने वाले व्यक्तियों में से ऐसे लोगों की संख्या उपलब्ध नहीं है जो संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में बैठे थे किन्तु उत्तीर्ण नहीं हो सके थे।

(ग) जी हां। ज्योंही संघ लोक सेवा आयोग को सुविधा होगी त्योंही हिन्दी सहायकों के लिये परीक्षा लेने का विचार है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

**अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में हिन्दी**

**2442. महन्त श्री दिग्विजय नाथ:** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में हिन्दी की पढ़ाई देवनागरी लिपि में नहीं बल्कि रोमन् लिपि में कराई जाती है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या इससे उन दक्षिण भारतीय विद्यार्थियों की मांग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ना चाहते हैं?

**शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन):** केवल उन्हीं विद्यार्थियों को, जिनकी मातृ भाषा हिन्दी अथवा उर्दू नहीं है, लेकिन जिनसे प्रारम्भिक हिन्दी को एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ने की अपेक्षा की जाती है, देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन लिपि के प्रयोग करने की अनुमति दी गई है, यदि वे ऐसा चाहें।

(ख) विश्वविद्यालय का ऐसा मत है कि इन विद्यार्थियों के लिए यदि वे हिन्दी को रोमन लिपि के जरिए सीखें, तो प्रारम्भिक हिन्दी का काम चलाऊ ज्ञान प्राप्त करना आसान होगा।

(ग) प्रारम्भिक हिन्दी लेने वाले विद्यार्थियों के लिए रोमन् लिपि का प्रयोग करना अनिवार्य नहीं है। हिन्दी में अन्य पाठ्क्रमों को देवनागरी लिपि के माध्यम से पढ़ाया जाता है। इसलिए, विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए विकल्प का असर उन विद्यार्थियों पर नहीं पड़ेगा, जो हिन्दी को देवनागरी लिपि में सीखना चाहते हैं।

**Foreign Nationals of Goan Origin**

**2443. Shri Shinkre:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the number of foreign nationals of Goan Origin in Goa having Portuguese passports;

(b) the number of these Portuguese passport holders intending to leave India and to proceed to Portugal or to Portuguese colonies in Africa;

(c) whether any emargo is placed by Government on their quiting India;

(d) if so, the reasons therefor; and

(e) if no embargo is placed, the steps Government propose to take to facilitate their quiting India?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla):** (a) The number of registered Portuguese nationals in Goa, as on 1st Janlary, 1967, was 564.

(b) The information is not available.

(c) to (e). There is no embargo on the departure of such persons. They have only to report their intended departure to the Registration Officer and get their Registration Certificates endorsed to this effect.

**Ering Committee Report**

**2444. Shri B. N. Shastri:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government propose to publish the Ering Committee Report on NEFA Administration; and

(b) if not, the reason therefor?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla)**: (a) and (b). A summary of the recommendations is placed on the Table of the House [*Placed in Library. See* LT-643/67]. A copy of the report is being supplied to the Parliament library.

### T. & D. Circle Staff

**2445. Shri Ram Singh Ayarwal**: Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) the steps taken regarding the decentralisation of Technical Development Circle Staff (Engineering Supervisors and Mechanics) in P. & T. Department; and

(b) its effect on the officials who have put in long years of service and are scattered here and there throughout India and are away from their home towns?

**The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral)**: (a) There is no proposal at present to decentralise the cadre of Engineering Supervisors in T. & D. organisation. The cadre of Mechanics in the T. & D. organisation has been decentralised with effect from 21-7-66.

(b) Consequent on the issue of orders of decentralisation in respect of mechanics in T. & D. Circle, they have been given an option to opt for service in the Circle|District of their choice. These optees are being transferred to the Circles|Units of their choice gradually in a phased programme spread over a number of years. Their seniority in the circle of their choice will be in accordance with the normal rules i.e. they will not lose in senority.

### दिल्ली में मूल्य

**2446. श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री रामावतार शर्मा :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली महानगर परिषद् के मुख्य कार्यकारी पार्षद् उन से मिले थे और उन्होंने दिल्ली में बढ़ते हुए मूल्यों को रोकने के उपायों के बारे में उन से बातचीत की थी ,

(ख) क्या इस बारे में उनके द्वारा दिये गये सुझाव स्वीकार कर लिये गये है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उपरोक्त सुझावों का ब्योरा क्या है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** (क) से (घ) दिल्ली के मुख्य कार्यकारी पार्षद 27 मई, 1967 को, कुछ मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिये, गृह-मंत्री से मिले। उनके द्वारा गृह- मंत्री के साथ दिल्ली में बढ़ते हुए मूल्यों को रोकने के उपायों के बारे में विशेष रूप से बात चीत नहीं हुई थी।

### वैज्ञानिक तथा तकनीकी पारिभाषिक शब्दावलि आयोग तथा केन्द्रीय निदेशालय

**2447. श्री प्रकाशवीर शास्त्री**
**श्री रामावतार शर्मा :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि निर्माण आवास तथा सम्भरण मंत्रालय ने वैज्ञानि